**PCP**

*No. of Printed Pages :* 4

**880533**

**2024**

## सामान्य अध्ययन – II

## (शासन व्यवस्था, संविधान, शासन-प्रणाली, सामाजिक न्याय तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध)

## General Studies – II

## (Governance, Constitution, Polity, Social Justice and International Relations)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[पूर्णांक : 200*

*Time allowed : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 200*

**भाग – 1 / Part – 1**

**नोट :** इस भाग में कुल **05** प्रश्न (प्रश्न संख्या-**01** से **05** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **04** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **50** शब्द है ।

**Note :** This part contains **05** questions (Q. No. **01** to **05**). **All** questions are compulsory. Each question carries **04** marks. The word limit for each question is **50** words.

1. "भारत का संविधान संविधानवाद को दृढ़तापूर्वक स्थापित करता है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।
**(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

"The Constitution of India firmly establishes the Constitutionalism." Explain this statement. **(Word Limit : 50 Words)**

2. अनुच्छेद 19(1) (ए) क्या है ? इसे किस आधार पर प्रतिबंधित किया जा सकता है ?
**(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

What is Article 19 (1) (A) ? On what grounds it can be restricted ?
**(Word Limit : 50 Words)**

3. नागरिक चार्टर की सुशासन में भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण करें । आप अन्य कौन से व्यवहार्य विकल्प सुझाएँगे ? **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

Critically examine the role of Citizens charter in good governance. What other viable alternatives would you suggest ? **(Word Limit : 50 Words)**

4. मिशन शक्ति अभियान के विभिन्न उद्देश्यों की चर्चा करें । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

Discuss various objectives of Mission Shakti Scheme. **(Word Limit : 50 Words)**

5. तालिबान शासन के अन्तर्गत अफ़गानिस्तान के वर्तमान परिदृश्य और भारत के लिए इसके महत्त्व पर चर्चा करें । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

Discuss the current scenario in Afghanistan under the Taliban regime and its significance for India. **(Word Limit : 50 Words)**

## भाग – 2 / Part – 2

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या–**06** से **15** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **08** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है ।

**Note :** This part contains **10** questions (Q. No. **06** to **15**). **All** questions are compulsory. Each question carries **08** marks. The word limit for each question is **100** words.

6. सर्वोच्च न्यायालय की अपने निर्णयों की समीक्षा करने की शक्ति का परीक्षण कीजिए । वे कौन सी परिस्थितियाँ हैं जब वह अपने निर्णयों की समीक्षा करने से इंकार कर सकता है ? **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Examine the power of the Supreme Court to review its own judgements. Specify the conditions when it can refuse to review its decisions. **(Word Limit : 100 Words)**

7. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की भूमिका का परीक्षण कीजिए । इसकी प्रमुख कमियाँ क्या हैं ? **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Examine the role of the National Human Rights Commission of India. What are its major shortcomings ? **(Word Limit : 100 Words)**

8. भारत के निर्वाचन आयोग के प्रमुख कार्य बताइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

State the major functions of the Election Commission of India. **(Word Limit : 100 Words)**

9. "मौलिक कर्त्तव्य प्रत्येक नागरिक के कर्त्तव्य हैं । वे परमादेश की रिट के द्वारा लागू नहीं किये जा सकते हैं" (सर्वोच्च न्यायालय) । न्यायालय के इस निर्णय के आलोक में भाग IV-ए में उल्लिखित मौलिक कर्त्तव्यों को क्रियान्वित करने के उपाय सुझाइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

"Fundamental Duties are the duties of the individual citizens. They are not enforceable by the writ of mandamus." (Supreme Court). In the light of this Court-verdict, suggest measures to implement the Fundamental Duties in Part IV-A of the Constitution. **(Word Limit : 100 Words)**

10. कृत्रिम बुद्धि (ए.आई.) की अवधारणा की चर्चा करें । कृत्रिम बुद्धि (ए.आई.) शिक्षा के क्षेत्र में कैसे सहायक है ? **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Discuss about the concept of Artificial Intelligence (A.I.) How does it help in education sector ? **(Word Limit : 100 Words)**

11. भारत में आर्थिक गणना एवं दशकीय जनगणना में विलम्ब से विकासात्मक नीतियों एवं कार्यक्रमों पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Analyse the impacts on developmental policies and programmes due to delay in economic census and decennial census in India. **(Word Limit : 100 Words)**

12. 106वें संविधान संशोधन अधिनियम के महत्त्वपूर्ण प्रावधानों की चर्चा करें । यह देश में किस प्रकार से लैंगिक न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है ? **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Discuss important provisions of 106th Constitutional Amendment Act. To what extent, it is an important step in realisation of Gender Justice goals in the country ?

**(Word Limit : 100 Words)**

13. प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधानों की मदद से सामाजिक न्याय के संवैधानिक परिप्रेक्ष्य की व्याख्या कीजिए ।

**(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Explain the constitutional perspectives of Social Justice with the help of relevant Constitutional Provisions. **(Word Limit : 100 Words)**

14. सिंधु जल संधि, 1960 के बारे में भारत की चिंताओं पर संक्षिप्त लेख लिखें । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Write a short essay on India's concerns about the Indus Water Treaty, 1960.

**(Word Limit : 100 Words)**

15. विदेश में भारत के हितों के संवर्धन में भारतीय प्रवासी कैसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वर्णन करें ।

**(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Discuss how Indian diaspora plays an important role in promoting India's interest abroad. **(Word Limit : 100 Words)**

## भाग – 3 / Part – 3

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या–**16** से **25** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **10** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है ।

**Note :** This part contains **10** questions (Q. No. **16** to **25**). **All** questions are compulsory. Each question carries **10** marks. The word limit for each question is **150** words.

16. राष्ट्रीय हरित अधिकरण की कार्यप्रणाली व प्रक्रिया इसे पर्यावरणीय विवादों के शीघ्र निपटाने में सक्षम बनाती है । टिप्पणी करें । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Methodology and procedure of the National Green Tribunal enables it for speedy disposal of environmental disputes. Comment. **(Word Limit : 150 Words)**

17. प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों और कार्यों का वर्णन कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Describe the powers and functions of Enforcement Directorate.

**(Word Limit : 150 Words)**

18. परिसीमन आयोग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए । जम्मू तथा कश्मीर परिसीमन आयोग की रिपोर्ट (2022) की मुख्य संस्तुतियों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Elucidate the objectives of the Delimitation Commission. Briefly mention the key recommendations of the Jammu and Kashmir Delimitation Commission's Report (2022)

**(Word Limit : 150 Words)**

19. भारत के सॉलिस्टिर जनरल की नियुक्ति तथा कर्त्तव्यों को समझाइए । क्या उनके पद से जुड़ी कोई सीमाएँ हैं ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Explain the appointment and duties of the Solicitor General of India. Are there any limitations attached to his position ? **(Word Limit : 150 Words)**

20. देश भर में आम नागरिकों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य प्राप्ति हेतु, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय मूल सेवाओं के विकास संबंधित भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Critically examine Govt. of India's initiatives undertaken for the growth of National Basic Services for improving the quality of life of ordinary citizen of the country. **(Word Limit : 150 Words)**

21. "आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ए.बी.पी.एम.-जे.ए.वाई.) विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है ।" भारत में इस योजना के क्रियान्वयन की आलोचनात्मक समीक्षा करें । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

"Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna (A.B.P.M. – J.A.Y.) is already the world's largest Public health insurance Scheme." Critically examine its implementation in India. **(Word Limit : 150 Words)**

22. भारत सरकार के कोविड-19 प्रबंधन एवं सफल टीकाकरण रणनीति की पृष्ठभूमि में पुनः एम-पॉक्स महामारी की चुनौती से निपटने के उपायों की विवेचना कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Discuss Govt. of India's preparations for meeting the challenge of M-Pox epidemic in the aftermath of successful COVID-19 management and Vaccination Programme. **(Word Limit : 150 Words)**

23. सीधे नकद ट्रांसफर महिलाओं के पास होने से परिवार में उनकी स्थिति को कैसे मजबूत और सशक्त किया है ? विश्लेषण कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

How does Direct Benefit Transfer to women strengthen and empower their position in the family ? Analyse. **(Word Limit : 150 Words)**

24. दक्षिण एशियाई क्षेत्र में चीन की सॉफ्ट पावर कूटनीति का विश्लेषण करें । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Analyze China's Soft Power diplomacy in South Asian region. **(Word Limit : 150 Words)**

25. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) के उद्देश्य और उपलब्धियों की व्याख्या कीजिए । **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Discuss the objectives and achievements of United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC). **(Word Limit : 150 Words)**

---